# कार्यालय पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएं, राजस्थान, बीकानेर

**क्रमांकः शिविरा/प्राशि/पंविप/5–8/दिशा निर्देश/2025–26** **दिनांक :– 23.02.2026**

**गोपनीय**

**परीक्षा अतिआवश्यक**

प्राचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
समस्त, राजस्थान ।

विषय :– प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण–पत्र (कक्षा–8), 2026 एवं प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा–5) परीक्षा के लिए आवश्यक निर्देशों के संबंध में।

प्रसंग :– **श्रीमान निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर के पत्रांक : शिविरा/प्राशि/पंविप/5–8/दिशा निर्देश/2024/दिनांक : 09.12.2025 (राज काज.रेफ.नं.– 19267624), समसंख्यक पत्र दिनांक – 17.12.2025 (राजकाज क्रमांक – 19444943), एवं दिनांक – 05.02.2026 (राजकाज क्रमांक – 20280231 तथा 20280250) तथा इस कार्यालय के समसंख्यक पत्रांक : दिनांक : 24.12.2025 (राजकाज. रेफ.नं.– 19575645) तथा दिनांक 13.12.2025 (राजकाज. रेफ.नं.– 20511381) के क्रम में।**

संदर्भ :– **इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक : 10.02.2026 (राजकाज. रेफ.नं.– 2045680) के संदर्भ में।**

उपर्युक्त विषयांतर्गत प्रासंगिक एवं संदर्भित पत्रों के क्रम में लेख है कि प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण–पत्र (कक्षा–8) परीक्षा, 2026 एवं प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा–5) परीक्षा, 2026 के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन के क्रम में निम्नांकित बिन्दुओं के अनुसार आवश्यक निर्देश जारी किए जा रहे हैं, जिनके अनुसार वांछित कार्यवाही डाइट व संबंधित कार्यालय स्तर से संपादित करवाना सुनिश्चित करें –

1. प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण–पत्र (कक्षा–8) परीक्षा, 2026 एवं प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा–5) परीक्षा, 2026 दिनांकः 19.02.2026 से प्रारम्भ हो चुकी हैं। उक्त परीक्षाओं में परीक्षार्थियों को केवल ऑनलाईन पंजीकरण/प्रवेश पत्र के आधार पर ही प्रवेश अनुमत है। आपके जिले/ब्लॉक/परीक्षा केन्द्र पर उक्त में से किसी भी परीक्षा में यदि कोई परीक्षार्थी विशेष कारणों से ऑफलाईन रूप से सम्मिलित हो रहा है तो ऐसी स्थिति में तत्काल ही संबंधित संस्थाप्रधान व केन्द्राधीक्षक से वस्तुस्थिति परक तथ्यात्मक रिपोर्ट व परीक्षार्थी के अध्ययन अभिलेख से संबंधित दस्तावेज/अभिलेखों की प्रमाणित प्रति प्राप्त करते हुए सी.बी.ई.ओ. लॉगिन से तत्काल ऑनलाईन आवेदन करवाया जाना सुनिश्चित करें व ऐसे प्रकरणों की विस्तृत रिपोर्ट मय अभिलेख के संबंधित जिले की डाइट को भी ईमेल/हार्ड कॉपी में प्रेषित की जावे।

   उक्तानुसार ऑनलाईन आवेदन कार्य के लिए विभागीय पोर्टल दिनांक 23.02.2026 से दिनांक 24.02.2026 के मध्य दो दिवस के लिए प्रारम्भ किया जा रहा है।

2. परीक्षार्थी/परीक्षार्थियों के पूर्व में ऑनलाईन प्रविष्ट हो चुके आवेदन में तृतीय भाषा परिवर्तन अथवा अन्य आवश्यक संशोधन हेतु ऑनलाईन फॉर्म करेक्शन सी.बी.ई.ओ. लॉगिन पर दिनांक 06.03.2026 तक ही किया जा सकेगा, अतः निर्धारित अवधि को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्यवाही अविलम्ब सम्पन्न करावें।

Signature valid

Digitally signed by Sheeshram Kulhari
Designation : Deputy Director
Date: 2026.02.23 14:22:54 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 20696835

3. **कक्षा–5 व कक्षा–8 परीक्षा के लिए विद्यालय लॉगिन से परीक्षार्थियों की सत्रांक प्रविष्टि का कार्य 12.02.2026 से प्रारम्भ किया जा चुका है, जिसके लिए निर्धारित अंतिम तिथि 06.03.2026 है। अतः अंतिम तिथि से पूर्व ही शत–प्रतिशत परीक्षार्थियों की ऑनलाईन सत्रांक प्रविष्टि का कार्य पूर्ण करवाने हेतु डाईट स्तरीय नियंत्रण कक्ष/पर्यवेक्षण टीम की सहायता से जिले के सभी ब्लॉक्स/विद्यालयों का प्रभावी प्रबोधन व पर्यवेक्षण कार्य प्रतिदिन के आधार पर किया जाए व प्रगति से राज्य स्तरीय व्हॉट्सएप्प ग्रुप/ईमेल पर पंजीयक कार्यालय को भी प्रगति रिपोर्ट प्रेषित कर अवगत करवाया जावे। वर्तमान में पोर्टल पर प्रदर्शित रिपोर्ट अनुसार 51.28 प्रतिशत परीक्षार्थियों के ही ऑनलाईन सत्रांक प्रविष्टि का कार्य पूर्ण किया गया है, अभी भी बहुत अधिक संख्या में विद्यालयों के स्तर पर करणीय कार्य अपूर्ण है। जिन विद्यालयों ने अभी तक सत्रांक प्रविष्टि का कार्य प्रारम्भ नहीं किया है, वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना कार्य पूर्ण करावें जिससे सर्वर पर अनावश्यक लोड/ट्रेफिक की समस्या उत्पन्न न हो।**

4. **कक्षा–5 व कक्षा–8 परीक्षा 2026 के लिए मूल्यांकन केन्द्रों द्वारा उत्तरपुस्तिका बुकलेट्स की जांच उपरान्त पोर्टल तत्काल ही ऑनलाईन प्राप्तांक प्रविष्टि का कार्य भी प्रतिदिवस के आधार पर निष्पादित किया जावे, और पूर्व उल्लेखित रीति अनुसार ही डाइट स्तर से इस कार्य की प्रतिदिन प्रभावी मॉनिटरिंग भी की जावे। विभागीय पोर्टल पर कक्षावार/विषयवार प्राप्तांकों की प्रविष्टि का मॉड्यूल दिनांक : 22.02.2026 से प्रारम्भ किया जा चुका है। उत्तरपुस्तिका की जांच उपरान्त गोपनीय रूप से मूल्यांकन केन्द्र पर कार्मिकों का दायित्व निर्धारित करते हुए ही प्राप्तांकों की प्रविष्टि सुनिश्चित करावें व किसी भी स्तर पर गोपनीयता उल्लंघन/भंग की स्थिति न उत्पन्न हो इसके लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं/पर्यवेक्षण कार्य किया जावे।**

5. जिला स्तरीय उड़नदस्तों को परीक्षा केन्द्र के साथ–साथ प्रतिदिन मूल्यांकन केन्द्रों का भी सघन निरीक्षण करने के लिए भी निर्देशित किया जावे, मूल्यांकन केन्द्रों पर नियुक्त परीक्षक पैनल/दल को मूल्यांकन केन्द्र पर उपस्थित रहकर ही गोपनीयता/शुचिता से मूल्यांकन कार्य संपादित करने हेतु आदेशित/निर्देशित किया जावे व मूल्यांकन कार्य के दौरान मोबाईल फोन/अनुचित इलेक्ट्रानिक गैजेट या डिवाइस का उपयोग निषिद्ध किया जावे।

6. संबंधित समस्त जिला डाइट्स द्वारा उक्त दोनों परीक्षाओं के लिए कक्षा/विषयवार उपस्थिति की प्रतिदिन की सूचना पंजीयक कार्यालय को निर्धारित अवधि में ही प्रेषित करने की व्यवस्था करावें, निर्धारित समयावधि से विलम्ब स्वीकार्य नहीं होगा।

7. **परीक्षार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिगत परीक्षा केन्द्रों तक एस्कोर्ट/अभिभावक के साथ ही आवागमन के करवाने लिए जिले के संबंधित समस्त संस्थाप्रधानों को एकबार पुनः आवश्यक निर्देश प्रदान किये जावें।**

उक्त निर्देशों के गोपनीय बिन्दु सार्वजनिक न किये जाकर संबंधित डाईट/नियंत्रण कक्ष के माध्यम से संबंधित समस्त तक गोपनीय रीति से ही प्रसारित किये जावें।

**इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करावें।**

**पंजीयक**
**शिक्षा विभागीय परीक्षाएं**
**राजस्थान, बीकानेर**

Signature valid

Digitally signed by Sheeshram Kulhari
Designation : Deputy Director
Date: 2026.02.23 14:22:54 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 20696835